असंशोधित

2 2 JUL 2002

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग २–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

बि० स० मु० (एल० ए०) 86--मोनो--1000--16-3-2002--,

टर्न-29/22.7.92/
श्रीरमण/

ये अपना गैर सरकारी संकल्प वापस लें, वित्तीय स्थिति अच्छी होगी, वहां पुलिया के निर्माण की दिशा में कार्रवाई करेंगे ।

सभापति(श्री भोला प्र० सिंह): क्या आप वापस लेंगे ?

श्री विनय कुमार सिंह : महोदय, वित्तीय स्थिति अच्छी होगी तो मुझे विश्वास है कि अगले वर्ष इसके निर्माण की कार्रवाई सरकार करेगी, इसलिये इसको वापस लेता हूं ।

सभापति(श्री भोला प्र० सिंह): सभा की राय से यह वापस हुआ ।

क्रमांक-8- श्री धर्मेन्द्र प्रसाद

श्री धर्मेन्द्र प्रसाद : सभापति महोदय, यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पटना जिलांतर्गत मसौढ़ी प्रखंड के देवरिया-खरौना पथ की मरम्मती करावे ।"

श्री उपेन्द्र प्रसाद वर्मा(मंत्री): माननीय सदस्य, धर्मेन्द्र प्रसादजी ने उठाया है, हम अगले वित्तीय वर्ष में इस सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखते हैं । अभी धर्मेन्द्रजी से अनुरोध करता हूं कि वे वापस ले लें ।

श्री धर्मेन्द्र प्रसाद : मैं वापस लेता हूं ।

सभापति(श्री भोला प्र० सिंह): सदन की राय से यह प्रस्ताव वापस हुआ ।